



# बनकुइयां और नौवस्ता क्षेत्र में चल रहा अवैध उत्खनन

## प्रशासन नहीं कर रहा कार्यवाही, राजस्व का हो रहा नुकसान, अवैध पत्थर से चल रहे क्रेशर



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, रीवा जिले में लम्बे समय से अवैध उत्खनन और परिवहन का खेल चल रहा है. जिस तरह से मऊगंज में कलेक्टर के निर्देश पर हनुमना के पिपराही और सरदमन में संयुक्त टीम ने दबिश देकर कार्यवाही की. उसी तरह रीवा में भी कार्यवाही होनी चाहिये. यहा बनकुइयां एवं नौवस्ता क्षेत्र में लम्बे समय से अवैध उत्खनन पत्थर का किया जा रहा है.**

पट्टाधारक स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध उत्खनन करते है और पत्थर का उपयोग स्टोन क्रेशर में होता है. लेकिन आज तक पुलिस, राजस्व एवं खनिज की टीम द्वारा कार्यवाही नही की गई. हनुमना में जिस तरह से दबिश दी गई उसी तरह यहा भी कार्यवाही की आवश्यकता है. क्रेशर संचालक नियमों का पालन नही कर रहे है. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी पूरी तरह से मेहरबान है. अवैध उत्खनन का खेल लम्बे समय से नौवस्ता और बनकुइयां क्षेत्र में चल रहा है. जेपी की जो लीज भूमि है वहा भी पत्थर का अवैध उत्खनन हो रहा है. शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही प्रशासन नही कर रहा है. बनकुइयां एवं नौवस्ता क्षेत्र से सबसे ज्यादा पत्थर का अवैध उत्खनन होता है और यहा से पत्थर निकाल कर सीधे स्टोन क्रेसर पहुंचता है. जिस तरह से हनुमना में स्वीकृत क्षेत्र की सीमा से बाहर जाकर पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा है उसी तरह यहा भी चल रहा है. लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कदम नही उठाया जा रहा है. अगर मऊगंज कलेक्टर कार्यवाही करते है तो रीवा को भी चाहिए कि अवैध उत्खनन पर नकेल कस सके. अधिकांश स्टोन क्रेसर नेताओं के है जिसके कारण कार्यवाही नही होती है. स्वीकृत लीज क्षेत्र के बाहर अवैध उत्खनन आज से नही कई वर्षो से हो रहा है पर खनिज विभाग की टीम कभी भी नापजोख करने नही जाती है.

### बगैर टीपी के गिट्टी का अवैध परिवहन

रीवा के पश्चिमी क्षेत्र मतलब जेपी, नौवस्ता, बनकुइयां, कौआढ़ान, खम्हरिहा, मध्येपुर आदि क्षेत्रो में स्टोन क्रेशर लगे हुए है और यहा से निकलने वाली गिट्टी जिले के अलावा यूपी-बिहार जाती है. बगैर टीपी के गिट्टी का अवैध परिवहन होता है कई ट्रक गिट्टी प्रतिदिन निकलती है जिनके पास टीपी नही रहती. उसके बाद भी खनिज विभाग धरपकड़ की कार्यवाही नही करता. जबकि राजस्व कम होने पर रीवा कमिश्नर ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिये है. उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही. पूरा खेल पैसे को लेकर चल रहा है, कई दलाल सक्रिय है जो अधिकारियों से सांठगांठ कर पूरे रैकेट को चला रहे है. गिट्टी का अवैध परिवहन इसी का हिस्सा है.




# अल्ट्राटेक बेला सीमेंट प्लांट के खिलाफ मशाल जुलूस, आज धरना देंगे विधायक

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, अल्ट्राटेक बेला सीमेंट प्लांट में श्रमिक पिछले कई दिनो से धरने पर है. लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है, अपनी मांगो को लेकर श्रमिक डटे हुए है. विंध्याचल सीमेंट स्टील फाउंड्री खदान कामगार यूनियन एटक के तत्वाधान में अल्ट्राटेक बेला सीमेंट वर्क्स जेपी पुरम रीवा के कारखाने से निकल गए श्रमिकों द्वारा 2 मार्च से निरंतर धरना जारी है.**

धरना के समर्थन में मसाल जुलूस निकला गया. मसाल जुलूस का नेतृत्व का.अरुण तिवारी अध्यक्ष एटक, का.राम सरोज कुशवाहा प्रांतीय उप महासचिव एटक, का.लालमणि त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य, का. गया प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष किसान सभा का. बृजलाल सिंह बायो वृद्धि किसान नेता ने किया. मसाल जुलूस 6:30 बजे शाम से सोनरा गांव के मुख्य चौराहा से निकालकर मुख रोड होते हुए गगन भेदी नारा लगाते हुए, श्रमिकों को काम में वापस लो, 8 घंटा का शिफ्ट लागू करो, कॉलिंग सिस्टम बंद करो, सीमेंट वेज बोर्ड के तहत वेतन दो, ठेकेदारी प्रथा बंद करो, किसानों के जमीन से लीज का पट्टा निरस्त करो, सीमेंट का प्रदूषण बंद करो अन्य तरह के नारा लगाते हुए ,अल्ट्राटेक बेला सीमेंट के गेट के धरना स्थल पर मसाल जुलूस समाप्त किया.

वहां नेताओं ने अपनी बात रखें. 18 मार्च को पूरे क्षेत्र के किसान, मजदूर,नौजवान शामिल हो रहे हैं, जिसका नेतृत्व अभय मिश्रा विधायक सेमरिया करेंगे और सीमेंट प्लांट के सामने धरना देंगे. मसाल जुलूस में सुशील सिंह, मुनीम शर्मा, सूर्यभान साहू, बलवंत सिंह, सत्यवान पटेल, अजय चतुर्वेदी, राम बिंदु, रंजन दहिया, रवि लाल यादव, गोरेलाल मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर आज करेंगी समीक्षा

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 18 मार्च को उपार्जन एवं जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की जायेगी. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपरान्ह 4 बजे से आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### पुस्तक मेला लगेगा 22 और 23 को

**रीवा,** नवीन शिक्षा सत्र एक अप्रैल से स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ आरंभ होगा. इसमें विद्यार्थी नई कक्षा में प्रवेश लेंगे. विद्यार्थियों को नई कक्षा में प्रवेश के लिए आवश्यक पुस्तकें तथा अन्य सामग्री एक ही स्थान पर प्रतिस्पर्धी मूल्य में उपलब्ध कराने के लिए पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है. इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि पुस्तक मेला 22 और 23 मार्च को शासकीय मार्तण्ड उमावि क्रमांक तीन के परिसर में आयोजित किया जा रहा है. इसमें जिले के प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं द्वारा पुस्तक, अन्य स्टेशनरी तथा यूनिफार्म के स्टाल लगाए जाएंगे. डीईओ ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

### संभागीय अध्यक्ष बने नयन सिंह

**रीवा,** मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास के संभागीय अध्यक्ष नयन सिंह बनाये गये हैं. प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री की अनुशंसा पर श्री सिंह का चयन किया गया है. रीवा संभाग की कार्यकारणीय में निर्मला शर्मा को महामंत्री, अंजना सिंह को अध्यक्ष जिला रीवा तथा जीवेन्द्र सिंह को महामंत्री जिला रीवा को बनाया गया है. इसी प्रकार शंखधर त्रिपाठी अध्यक्ष मऊगंज, सविता परस्ते, महामंत्री मऊगंज, रीता द्विवेदी अध्यक्ष सतना, अरूणेश तिवारी महामंत्री, प्रवेश मिश्रा अध्यक्ष सीधी, शिवानंद शुक्ला महामंत्री, विद्याचरण तिवारी अध्यक्ष मैहर, अखिलेश दीपांकर महामंत्री एवं शैलेन्द्र साकेत अध्यक्ष सिंगरौली व आरपी सिंह महामंत्री सिंगरौली बनाये गये हैं.

### 12 स्थानों पर खुलेगें नि:शुल्क प्याऊ

**रीवा,** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र के आम नागरिको एवं आगंतुको को ग्रीष्म ऋतु में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों में नि:शुल्क पेयजल की व्यवस्था का उत्तरदायित्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौपा गया है. नगर में नि:शुल्क प्याऊ संचालन के स्थान जिनमें ढेकहा तिराहा के पास, पुराना बस स्टैण्ड के पास, सॉई मंदिर के पास, पुराना न्यायालय (कोर्ट) के पास, नवीन न्यायालय (कोर्ट) के पास, हास्पिटल चैराहा के पास, सिरमौर चैराहा के पास, एस.पी.एस. मॉल के सामने आजाद नगर उर्रहट, पीटीएस चैराहा के पास, नया बस स्टैण्ड के पास समान तिराहा, धोबिया टंकी के पास, जिला अस्पताल के पास बिछिया सहित कुल 12 स्थानों में नि:शुल्क प्याऊ शीघ्र प्रारंभ करते हुए उचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए है.

### पीटीएस में हुआ वेबीनार



**रीवा,** मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 'कॉमबेटिंग करप्शन और नैतिकता' विषय पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह के निर्देशन पर पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. वेबीनार में एडीपीओ मनीष पांडे और श्रीमती आदर्श सिंह सोलंकी ने विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया. इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था. इससे अधिकारियों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ी, नैतिकता के महत्व को समझने में मदद मिली, कानून के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली, अपराध नियंत्रण में प्रभावी रणनीतियाँ सीखने का अवसर मिला. इस आयोजन ने पुलिस बल में नैतिकता और भ्रष्टाचार विरोधी भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला आज

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 18 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.

# दो आदतन अपराधियों पर हुई जिला बदर की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने दो आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं.**

जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार आदतन अपराधी अनुराग मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा आयु 25 वर्ष निवासी अमिलकी जिला रीवा तथा अश्वनी मिश्रा उर्फ प्रिंस मिश्रा आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम ओढ़की खुर्द रीवा को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं. इन दोनों अपराधियों को रीवा सहित सीधी, सतना, मैहर, मऊगंज और सिंगरौली जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं. जिले में लोक शांति, सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है. दोनों आदतन अपराधियों को 48 घंटे की समय सीमा में जिले से बाहर जाने के आदेश दिए गए हैं. जिला बदर की अवधि में दोनों अपराधी केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद ही प्रतिबंधित जिलों में प्रवेश कर सकेंगे. इसका उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्रवाई की जाएगी. इन दोनों अपराधियों की गतिविधियों से आमजनता में भय व्याप्त था. कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद इनकी आपराधिक गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया. लिहाजा जिला बदर की कार्यवाही की गई. कानून और व्यवस्था को बनाए रखने तथा लोक शांति के लिए इनके विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है.



# वार्षिक बजट को लेकर एमआईसी के सदस्यों के साथ महापौर की चर्चा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर अजय मिश्रा (बाबा) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**

इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय पत्रक (बजट) पर चर्चा कर एवं सदस्यों के सुझावों पर विचार करते हुए आय-व्यय पत्रक (बजट) को अंगीकार करने हेतु परिषद के समक्ष अग्रेषित करने का निर्णय लिया गया. महापौर ने बताया कि शहर की मूलभूत आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं नागरिकों के अमूल्य सुझावों को सम्मिलित करते हुए बजट तैयार किया गया है. साथ ही महापौर ने शहर में ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए चिन्हित स्थलों पर शीघ्र वाटर एटीएम स्थापित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में वाटर एटीएम स्थापित कर संचालन शुरू करना सुनिश्चित करे. इसके अतिरिक्त बेसमेंट के अवैध उपयोग करने वालों पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए. बैठक में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, श्रीमती नजमा बेगम, श्रीमती नीतू अशोक पटेल, धनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती रमा दुबे, रवि तिवारी, मनीष नामदेव, गुलाम अहमद, श्रीमती सूफिया सहफूज खान, आरती बक्सरिया उपस्थित रहे.

# सिरमौर से डभौरा तथा क्योंटी से कलवारी मार्ग की कलेक्टर ने की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिरमौर-डभौरा तथा क्योंटी से कलवारी मार्ग की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि भू अर्जन एवं नक्शा तरमीम के कार्य को गति दें.**

उन्होंने जवा सिरमौर के 29 ग्रामों में जेएमएस की तैयारी की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिये कि जिन ग्रामों के जेएमएस पूर्ण हो गये हैं उनकी रिपोर्ट जमा करें. उन्होंने 31 मार्च तक उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि थ्री डी का प्रकाशन करायें इसके उपरांत मकानों का सर्वे कार्य पूर्ण करें. बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने क्योंटी से कलवारी मार्ग के थ्री डी के प्रकाशन कराकर आगे की तैयारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये. उन्होंने कहा कि आपत्तियाँ प्राप्त होने के उपरांत निराकरण कर नक्शा तरमीम अमल उपरांत मुआवजा वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने कहा कि उपरोक्त कार्य सीएम मानीटरिंग में भी हैं अत: इसमें शिथिलता न बरतें तथा तत्परता से सभी कार्यवाही पूर्ण करायें. बैठक में एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम जवा पियूष भट्ट, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक सहित सड़क निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे.

### चोर ने पार की बाइक

**रीवा, 17 मार्च,** चिरहुला कॉलोनी के पीएम आवास पार्किंग में खड़ी बाइक अज्ञात चोर द्वारा पार कर दी गई है. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, वीडियो में युवक का चेहरा साफ दिखाई दे रहे हैं. इसी सीसीटीवी फुटेज की मदद से बिछिया पुलिस अब आरोपी की पता तलाश में जुट गई है. बताया गया है कि यह वीडियो एक दिन पुराना है जिसमें आरोपी युवक सीधे पीएम आवास की पार्किंग में पहुंचता है और एक झटके में बाइक का लॉक तोड़कर बाइक स्टार्ट कर चला जाता है.

# जुलूस में हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में ईद-उल-फितर, रामनवमी, झूलेलाल जयंती एवं महावीर जयंती पर्वों के आयोजन पर चर्चा की गई.**

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्यौहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे. प्रशासन द्वारा सभी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी. त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं. त्यौहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें. त्यौहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं. इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा. शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे. इसके साथ-साथ आयोजक, प्रशासन और जनता को सहयोग देने के लिए अपने स्वयंसेवक भी परिचय पत्र देकर तैनात रखें. बैठक में एएसपी श्रीमती आरती सिंह ने कहा कि चल समारोहों, जुलूस तथा बड़े आयोजनों की सूचना एसडीएम कार्यालय तथा पुलिस थाने को अवश्य दें. जुलूस में किसी प्रकार का हथियार लेकर प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा. बैठक में सदस्यगण मौजूद रहे.

# अंतिम दिन अध्यक्ष के लिए 12 अधिवक्ताओं ने दाखिल किया नामांकन



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर नामांकन पत्र जमा करने की आज अंतिम तारीख थी. जहा पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी पद के लिये 72 नामांकन अब तक जमा हो चुके है.**

बुधवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और दो बजे के बाद शाम 4.30 बजे तक अभ्यार्थी अपना नामांकन पत्र वापस प्राप्त कर सकेगे. इसके पश्चात प्रत्याशियों के नामों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा. आज अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिये 12 अधिवक्ताओं ने नामांकन जमा किया. अध्यक्ष पद हेतु आज राजेन्द्र पाण्डेय, संतोष कुमार अवधिया, नीरज वर्मा, डा0 श्रद्धा सिंह ने नामांकन पत्र जमा किया. इस तरह से कुल अध्यक्ष पद हेतु 12 अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र जमा किया. उपाध्यक्ष पद हेतु आज रामाधार कुशवाहा एवं अरूणा पटेल द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया इस तरह से उपाध्यक्ष पद हेतु कुल 8 नामांकन पत्र जमा किये गये है. सचिव पद हेतु आज शिव कुमार तिवारी, कमलभान सिंह, धीरेन्द्र चतुर्वेदी, अरूण प्रताप सिंह, त्रिगुण सेन तिवारी, दिनेश सेन इस तरह से कुल सचिव पद में 10 अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र जमा किया. सह सचिव के लिये 12 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया. इसी तरह कोषाध्यक्ष के लिये 7 और ग्रंथपाल पद के लिये 6 ने नामांकन पत्र दाखिल किया.

# बीच सड़क पर युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत समान शराब दुकान के सामने बीती देर रात एक युवक को कई युवक बुरी तरह पीटते नजर आ रहे है.**

बीच सड़क पर हो रही मारपीट की इस घटना के दौरान लोग तमाशबीन बने देखते रहे और किसी ने युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया. मारपीट करने वाले युवक घटना के बाद मौके से फरार हो गए हैं वहीं थाने में भी पीड़ित के द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है पुलिस वीडियो वायरल होने के बाद अब पीड़ित युवक सहित मारपीट करते नजर आ रहे लोगों की पता तलाश कर रही है. घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर आज वायरल हुआ है जिसमें शराब दुकान के समीप एक अज्ञात युवक को कई युवक पीटते नजर आ रहे है. वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस अब दोनों पक्षों की तलाश कर रही है.




# पर्यटन के नए-नए आयामों में युवाओं को जोड़कर रोजगार सृजित करें

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 17 मार्च, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा पर्यटन विकास चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर एक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

उक्त संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद प्रसाद मिश्र 'दीपायन' आचार्य बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी थे. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पीयूष तिवारी पूर्व संचालक, भारत पर्यटन विकास निगम नई दिल्ली थे. कार्यक्रम दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के प्राध्यापक डा राजबहादुर अनुरागी थे. कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के उपसंयोजक प्रोफेसर शिवकुमार दुबे ने किया. विषय प्रवेश भूगोल विभाग के प्राध्यापक एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ बी पी सिंह ने किया. मुख्य अतिथि डा आनंद प्रसाद मिश्र ने पर्यटन के नए-नए आयामों में युवाओं को जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करने की बात बताई. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पीयूष तिवारी ने अपने प्रशासनिक अनुभव एवं पर्यटन को कार्य रूप में किस प्रकार से पर्णित किया जाए. इसकी ब्यूह रचना के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य ने पर्यटन विकास के द्वारा रोजगार सृजित करने एवं पर्यटन विकास में आने वाली बाधाओ को रेखांकित करते हुए भावी योजना पर प्रकाश डाला.